प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

महापरिनिर्वाण दिवस

आज बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर की 69वीं पुण्यतिथि है। भारतीय संविधान के मुख्य निर्माता डॉक्टर आम्बेडकर की पुण्यतिथि महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाई जाती है। इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण में डॉ. आम्बेडकर के योगदान के लिए देश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष सहित राज्य सभा के उप सभापति और अन्य सांसद व प्रमुख नेता नई दिल्ली में संसद भवन परिसर में स्थित प्रेरणा स्थल पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

इधर प्रदेश में भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर राजभवन शिमला में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया किया जाएगा। जिसमें राज्यपाल सहित अन्य गणमान्य लोग अंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

वहीं मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शिमला के चौड़ा मैदान स्थित डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको श्रद्धांजली देंगे।

स्थापना दिवस

होम गार्ड व नागरिक सुरक्षा आज अपना 62वाँ स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे और भव्य मार्च पास और परेड की सलामी लेंगे। इस दौरान आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्य की मॉक ड्रिल भी आयोजित होगी।

इसी कड़ी में कल रिज मैदान पर गृह रक्षा, एसडीआरएफ और अग्निशमन विभाग द्वारा बैंड डिस्पले व उपकरण प्रदर्शनी आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश की सभी 12 रक्षा वाहीनियों की अंतर बटालियन बैंड प्रतियोगिता में देशभक्ति गानों पर बैंड प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने विकसित भारत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेने की तारीख 10 दिसंबर तक बढ़ाने की घोषणा की है। पहले यह तिथि पांच दिसंबर थी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए माई भारत प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण किया जा सकता है। यह प्रतियोगिता 15 से 29 वर्ष की आयुवर्ग के सभी युवाओं के लिए है। वे विकसित भारत पर अपने विचार साझा कर सकते हैं। विजेता प्रतिभागी 11 और 12 जनवरी को नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष विकसित भारत के लिए अपना दृष्टिकोण और विचार प्रस्तुत करेंगे।

शीतकालीन उत्सव

शिमला के मशोबरा स्थित राष्ट्रपति निवास में कल 7 दिसंबर को शीतकालीन उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हिमाचल प्रदेश की जीवंत सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने के लिए समर्पित है,जो राष्ट्रपति द्वारा की गई पहल के तहत राष्ट्रपति भवन को सांस्कृतिक केंद्रों में बदलने के दृष्टिकोण के अनुरूप होगा।

इस महोत्सव में हिमाचल प्रदेश ऑर्केस्ट्रा बैण्ड, हार्मनी ऑफ पाइंस द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी, साथ ही स्थानीय कलाकारों द्वारा पारंपरिक समूह नृत्य और इंडियन आइडल प्रतिभागी द्वारा विशेष गायन प्रस्तुति भी दी जाएगी।

समझोता ज्ञापन

ग्रामीण विकास विभाग ने राज्य में गैर–पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के महत्वपूर्ण मुद्दे के समाधान के लिए कल अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत राज्य के चंबा, कांगड़ा, शिमला और सोलन जिलों के गैर–पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरे का निष्पादन किया जायेगा।इस साझेदारी के तहत, अंबुजा सीमेंट्स अपने सीमेंट भट्टों में गैर–पुनर्चक्रण योग्य प्लास्टिक कचरे को सह–प्रसंस्कृत करने के लिए विभाग के साथ सहयोग करेगी। यह नवोन्मेषी दृष्टिकोण पर्यावरण के अनुकूल अपशिष्ट निपटान विधियों के साथ संरेखित होगा और राज्य में पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के सरकार के मिशन में योगदान देगा।

मौसम

प्रदेश में इन दिनों शीतलहर का प्रकोप जारी है। राजधानी शिमला सहित मैदानी इलाकों में शुष्क ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग के अनुसार 7 और 8 दिसंबर से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है पश्चिमी विक्षोभ और तेज पूर्वी हवाओं के प्रभाव से 7 दिसंबर की देर रात से बारिश शुरू होने और 9 दिसंबर तक जारी रहने की संभावना है। जिससे हिमाचल प्रदेश में 2 माह से अधिक समय से पड़ रही सूखे की स्थिती भी समाप्त होने की उम्मीद है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ....

आज अधिकांश समाचार पत्रों ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से जुड़ी खबर को सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–हिमाचल के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में 50–50 करोड़ से बनेंगे खेल परिसर।

पंजाब केसरी का शीर्षक है–21 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को पुरस्कार राशि दी।

दैनिक जागरण का शीर्षक है–हर विधानसभा क्षेत्रों में बनेगा खेल परिसर। दिव्य हिमाचल के शब्द है–21 खिलाड़ियों में बांटे 14 दशमलव 77 करोड़, ऊना के निषाद कुमार को 7 करोड़ 80 लाख।

ट्रॉमा सेंटर की बदहाली पर हाईकोर्ट सख्त, कहा लोगों की सेहत से खिलवाड़ बर्दाशत नहीं–अमर उजाला की एक खबर है।

संजौली मस्जिद विवाद पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है—सरकार ने हाईकोर्ट में दिया जबाव ढली पुलिस स्टेशन में 10 एफआईआर दर्ज की। प्रदेश मंत्रिमंडल से जुड़ी खबर पर पंजाब केसरी लिखता है—मंत्रिमंडल की बैठक 12 को शीतकालीन सत्र के मसौदे पर होगी चर्चा।

आर्ट्स से 12वीं पास छात्र कर सकेंगे बीएससी शीर्षक से दैनिक जागरण लिखता है—यूजीसी ने स्नातक व परास्नातक पाठयक्रमों का तैयार किया नए नियमों का मसौदा।

मौसम पर हिमाचल दस्तक की शीर्षक है—प्रदेश में कल रात से सक्रिय होगा पश्चिमी विक्षोभ, बारिश की संभावना। आपका फैसला के शब्द है—हिमाचल में दो दिन बारिश—बर्फबारी का पूर्वानुमान।

———————————————————